आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी डोर टू डोर बनाएंगी आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी की महिलाओं को मिला भिलाई निगम के सभागार में प्रशिक्षण, निगम भिलाई की अपील हर व्यक्ति बना ले अपना आयुष्मान कार्ड और ले स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं को डोर टू डोर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आज प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर प्रति व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य डोर टू डोर किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं घरों में जाकर हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। जिनका राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बना हुआ है उनका आयुष्मान कार्ड तत्काल स्पॉट पर ही बनाने का प्रोसेस किया जा रहा है। जिनके पास राशन कार्ड एवं आधार कार्ड नहीं है वह भिलाई नगर निगम के गुरुद्वारा द्वारा स्थित नेहरू नगर के जोन कार्यालय, वैशाली नगर पानी टंकी स्थित जोन कार्यालय, मदर टेरेसा नगर चंद्रा मौर्या स्थित जोन कार्यालय , खुर्सीपार डबरा पारा स्थित जोन कार्यालय तथा सेक्टर 6 आत्मानंद स्कूल परिसर में स्थित जोन कार्यालय में संपर्क करके आधार कार्ड व राशन कार्ड बनवा सकते हैं। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने आधार कार्ड बनवाया हैं उन्हें अपना आधार कार्ड अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। निगम प्रशासन की अपील है कि एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्ड धारी जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह शीघ्र ही अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत एपीएल कार्ड धारी को प्रति व्यक्ति 50,000 तथा बीपीएल राशन कार्ड धारी परिवारों को प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति 500000 की स्वास्थ्य सहायता का प्रावधान निहित है, जिसका लाभ आयुष्मान कार्ड धारी को ही मिलेगा।